भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1772
जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है
एनएच-67 के गुंतकल-गूटी रोड की स्थिति

1772. श्री जी.लक्ष्मीनारायण:
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) एनएच-67 के गुंतकल-गूटी रोड के विकास के लिए इसकी मंजूरी के बाद से आबंटित और संवितरित की गई धनराशि का वर्तमान वर्ष सहित वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) एनएच-67 के गुंतकल-गूटी रोड परियोजना की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है, जिसमें प्राप्त की गई उपलब्धियां, पूर्ण किए गए चरण और आवंटित धनराशि का उपयोग शामिल है;
(ग) क्या यह सच है कि एनएच-67 के गुंतकल-गूटी रोड पर काम बंद कर दिया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) परियोजना के कब तक पुन: आरंभ होने और सक्रिय होने की संभावना है; और
(ड.) निर्माण फिर से शुरू होने तक गुंतकल और गूटी गांवों के बीच अधूरे और क्षतिग्रस्त हिस्सों पर यातायात के सुचारू प्रवाह को सुविधाजनक बनाने और जनता की असुविधा को कम करने के लिए किए गए अस्थायी उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) परियोजना की कुल संस्वीकृत लागत 995.09 करोड़ रुपये है। परियोजना पर अब तक 643.54 करोड़ रुपये व्यय हो चुके हैं। वर्ष-वार व्यय विवरण निम्नानुसार है-

वर्ष	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24 और 2024-25
व्यय	138.46	198.34	55.11	18.99	86.29	135.15	11.2	शून्य

ठेकेदारों की चूक के कारण 26.04.2024 को परियोजना की वास्तविक प्रगति 86.2% होने पर इसे समाप्त कर दिया गया। परियोजना की कुल लंबाई 57.292 किमी है, जिसमें से समाप्ति की तिथि तक 53.745 किमी का कार्य पूरा हो चुका है। प्राप्त की गई उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	प्रमुख उपलब्धि
उपलब्धि - I	09.06.2017
उपलब्धि -II	10.12.2017
उपलब्धि -III	21.01.2021
उपलब्धि -IV	लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया

(घ) अनुमानित कार्यक्रम के अनुसार, शेष कार्य के लिए अनुमान को अंतिम रूप देने, बोलियों को आमंत्रित करने, कार्य सौंपने और कार्य पूरा करने के लिए कुल 18 महीने का समय अपेक्षित होता है। वर्तमान में, यह शेष कार्य के लिए अनुमान को अंतिम रूप देने के चरण में है।

(ङ) गुंटकल और गूटी खंड के शहरी इलाकों, पुल के पहुंच मार्गों, डायवर्जन और बाईपास जंक्शनों में गड्ढों और पैचों को ठीक किया गया है।

*****